Bareilly, Friday,
5 July 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

एसआरएमएस में सिर्फ 50 रुपये में 21 तरह की जांचें

एसआरएमएस मेडिकल कालेज ने 23वां स्थापना दिवस मनाया.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (4 July): एसआरएमएस मेडिकल कालेज ने थर्सडे को अपना 23वां स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने एक बड़ी पहल करते हुए मरीजों के लिए संस्थान के विभिन्न स्थानों पर स्थापित चार हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया. इनके जरिए मात्र 50 रुपये के खर्च पर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी, बोन डेंसिटी, मसल रेड, ब्लड आक्सीजन जैसी विभिन्न 21 जांच कुछ ही मिनट में हो जाती हैं. नेपाल से आए मरीजों ने इससे अपनी जांच कराई. पिछले एक वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग, उपलब्धियां हासिल करने वाले चिकित्सक, विद्यार्थी और स्टाफ को प्रशंसा पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया. स्थापना दिवस समारोह मेडिकल कालेज स्थित आडिटोरियम में हुआ. समारोह से पहले देव मूर्ति ने अपने पिता और संस्थान के प्रेरणास्रोत स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीराम मूर्ति के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर हवन पूजन किया. उनकी प्रेरणा से इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेज बनाने का संकल्प लिया. आज मेडिकल कालेज को स्थापित हुए 22 वर्ष हो गए हैं.